हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 10 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

4 धान खरीदी की लिमिट से हलाकान हो रहे किसान



## खबर संक्षेप

### फाइनेंस कंपनियों को दस्तावेज़ जांच और वेरिफिकेशन के सख्त निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जिले की फाइनेंस कंपनियों और माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं की महत्वपूर्ण मीटिंग पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार पैकरा एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कंपनियों की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों की सत्यता और फील्ड में कार्यरत कलेक्शन एजेंटों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आरबीआई से रजिस्टर्ड सभी फाइनेंस कंपनियों को अपने संपूर्ण दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितताओं को रोका जा सके।कंपनियों द्वारा पूर्व में किए गए कलेक्शन एजेंटों के वेरिफिकेशन के अलावा अब उनकी पुलिस वेरिफिकेशन प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी, जिससे सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे। सभी कंपनियों को चेतावनी दी गई कि यदि कोई व्यक्ति या समूह फर्जी तरीके से किसी फाइनेंस कंपनी का संचालन कर रहा है, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही गई है।

### शत प्रतिशत गणना फॉर्म कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों से जहां के भाग संख्या पर 800 या उससे अधिक मतदाता है और उस भाग संख्या के बीएलओ द्वारा 28 नवम्बर 2025 तक शत प्रतिशत गणना फॉर्म वितरण एवं संग्रहण व डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले प्रथम 3 बूथ लेवल अधिकारियों को किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदाय दिया जाएगा। पुरस्कार बीएलओ को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के जिला स्तरीय समारोह में पुरस्कार का प्रदाय करेंगे। शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ का चिन्हांकन, चयन, संबंधित वि.स.नि. क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

### कंबल में लिपटा मिला नवजात, निर्दयी मां ने रेलवे स्टेशन के फूट ओवरब्रिज में छोड़ा

**जांजगीर-चांपा।** रेलवे स्टेशन चांपा के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर एक निर्दयी मां ने अपने जिंगर को टुकडे को छोड़ दिया। व्यस्त ट्रेनों की आवाज़ों, यात्रियों की भीड़ और प्लेटफॉर्म की हलचल के बीच एक कंबल में लिपटा छोटा-सा जीवन चुपचाप पड़ा था। जिसे देखकर किसी को भी यकीन नहीं हो रहा था कि कोई मां अपने नवजात को इस तरह दुनिया के हवाले कर सकती है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे को देखते ही उनके चेहरे पर भी हैरानी और भावुकता साफ झलक रही थी। एक पुलिसकर्मी ने नवजात को जिला अस्पताल ले जाया गया।

नगर पंचायत नवागढ़ का मामला, नगरीय प्रशासन के अवर सचिव की कार्रवाई

# तालाब के कार्य में भारी अनियमितता सीएमओ व सब इंजीनियर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायत नवागढ़ में तालाब गहरीकरण और पीचिंग कार्य में सीएमओ और सब इंजीनियर के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। काम में अनियमितता बरतना दोनों अधिकारियों को महंगा पड़ गया। नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है।

गौरतलब है कि नगरीय निकायों में विकास कार्य के लिए सरकार पानी की तरह पैसा बहा रही है। सरोवरों की दशा सुधारने के लिए भी लगातार कार्य किए जा रहे है। इसके पीछें मंशा यह है कि जल स्त्रोत बना रहे और तालाबों का भी संधारण होता रहे। सरकार तो अपना खजाना लूटा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते कई काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते है। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत नवागढ़ में सामने आया है। नवागढ़ के लंकेटर तालाब गहरीकरण और पीचिंग कार्य के लिए सरकार की ओर से मंजूरी मिली थी। इस काम के दौरान भारी अनियमितता बरती गई। मामले की शिकायत भी कई स्तर पर की गई। शिकायत की जांच में नगर पंचायत नवागढ़ के सीएमओ विष्णु यादव और उप अभियंता श्रीमती ममता पैकरा द्वारा की गई अनियमितता उजागर हुई। लंकेटर तालाब गहरीकरण व पीचिंग कार्य में अनियमितता एवं अध्यक्ष व पार्षद नीधि से सामग्री आपूर्ति में भी अनियमितता पाई गई। जांच में दोषी पाए जाने के बाद प्रतिवेदन उच्च स्तर पर प्रेषित किया गया। जांच प्रतिवेदन और तथ्यों के आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने नगर पंचायत नवागढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विष्णु यादव और उप अभियंता श्रीमती ममता पैकरा के खिलाफ कार्रवाई की। दोनों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत गंभीर कदाचार का दोषी पाया गया। अवर सचिव ने दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। सीएमओ के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम 217 के नियम 33 एवं उप अभियंता के खिलाफ छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी नियम 1968 के नियम 53 के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में सीएमओ विष्णु यादव और उप अभियंता ममता पैकरा का मुख्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर निर्धारित किया गया है।




### नई परिषद की शिकायत के बाद खुली पोल

*नगर पंचायत नवागढ़ में पूर्व में भी कई काम को लेकर आरोप लगते रहे है। पूर्व में परिषद की बाडी अलग थी। लंकेटर तालाब का काम भी पूर्व परिषद के कार्यकाल का है। इसी दौरान स्टेडियम निर्माण को लेकर भी पूर्व में शिकवा शिकायतों का दौर चला था। पूर्व में कांग्रेस के अध्यक्ष थे। नगरीय निकायों के नए चुनाव के बाद पार्षद भी बदल गए और भाजपा की श्रीमती अर्चना देवांगन नगर पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित हुई। नए अध्यक्ष और पार्षदों ने पुराने कार्यों में हुई अनियमितता को लेकर अपनी आवाज मुखर की। नई परिषद में ही लंकेटर तालाब के गहरीकरण व पीचिंग कार्य में अनियमितता के साथ ही अध्यक्ष व पार्षद निधि से जोनल कार्य में अनियमितता की शिकायत की। बताया जा रहा है कि पिछले पंचवर्षीय में 1 करोड़ 62 लाख की लागत से लंकेटर तालाब के गहरीकरण और पीचिंग का कार्य स्वीकृत हुआ था। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना देवांगन का कहना है कि इस कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। जो काम नहीं हुआ, उसका भी चेक काटा गया है। लगातार कई ऐसे चेक काटकर भ्रष्टाचार किया गया है। यही वजह है कि नई परिषद ने मामले की शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। भ्रष्टाचार करने वाले सीएमओ और उप अभियंता के खिलाफ कार्रवाई हुई है।*

# रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन पर कार्रवाई, 5 वाहनों की बनाई जब्ती

## बम्हनीडीह क्षेत्र में अब तक 72 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य लगातार जारी है। विभागीय कार्रवाई के बावजूद रेत माफिया सक्रिय है। ऐसे में विभाग ने एक बार फिर क्षेत्र में दबिश देकर रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले 5 वाहनों को जब्त करते हुए कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह क्षेत्र में रेत के अवैध कारोबार को लेकर हरिभूमि ने 8 दिसंबर के अंक में 'रेत माफिया चीर रहे हसदेव नदी का सीना, नहीं थम रहा अवैध उत्खनन' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशन के बाद खनिज विभाग की टीम ने क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनि अधिकारी अनिल कुमार साहू ने बताया कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। बम्हनीडीह, पुछेली, बिर्रा, कनस्दा, हथनेवरा और पीथमपुर क्षेत्रों में औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाया गया। खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा 1 ट्रैक्टर ग्राम पुछेली,1 हाईवा पीथमपुर,1 ट्रैक्टर कनस्दा ,2 हाईवा बम्हनीडीह में जप्त किया गया। सभी वाहनों को संबंधित थाना एवं पुलिस रक्षित केन्द्रों में सुरक्षा हेतु रखा गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बम्हनीडीह एवं पुछेली क्षेत्र में अब तक 66 प्रकरण अवैध परिवहन में 11 लाख 87 हजार 480 रुपए व 6 प्रकरण अवैध उत्खनन में 3 लाख 230 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। इसी तरह 4 प्रकरण अवैध भंडारण में 9 लाख 77 हजार 840 रुपए जुर्माना वसूला गया है। कुल 76 मामलों में 24 लाख 65 हजार 550 रुपए की शास्ति राशि वसूलकर खनिज मद में जमा की गई है। खनिज अधिकारी का कहना है कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के खिलाफ खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित वाहनों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर न्यायालय में परिवाद दर्ज कर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सूनेपन का फायदा उठाकर छेड़छाड़, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिवरीनारायण।** सूनेपन का फायदा उठाकर छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनाराययण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी का है। इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 दिसंबर को वह अपने घर के कमरा में अकेली थी तभी आरोपी संजय कुमार खूंटे द्वारा घर अंदर घुस बेइज्जती करने के नीयत पीड़िता को छेड़छाड़ करने लगा जिसकी सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपी संजय कुमार खुंटे को पकडा गया जिसको पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# केरा व शिवरीनारायण में दी दबिश अफसरों ने पकड़ा अवैध धान


अवैध धान पर कार्रवाई करते अफसरों की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अफसरों की टीम ने दबिश देकर केरा व शिवरीनारायण क्षेत्र में कार्रवाई की, जहां केरा से 75 क्ट्टी व शिवरीनारायण में 42 कट्टी धान को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धा को जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज की गई है।

- कलेक्टर ने बिचौलियों पर सख्त कार्रवाई करने दिए आदेश

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में धान परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 9 दिसंबर को तहसील शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम केरा एवं शिवरीनारायण नगर में संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान ग्राम केरा स्थित मनीष ट्रेडर्स से 75 कट्टी 30 क्विंट धान तथा शिवरीनारायण स्थित विनय जनरल स्टोर से 42 कट्टी 16 क्विंटल धान अवैध रूप से संग्रहित पाए गए। टीम ने कुल 117 कट्टी (46 क्विंटल) धान जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान की खरीदी–बिक्री, परिवहन और भंडारण पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा नियम विरुद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### पिता को जान से मारने की धमकी देने वाला पुत्र गिरफ्तार

**बाराद्वार।** पिता को गलौज व जान से मारने की धमकी देकर पेचकस से वार करने वाला पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बाराद्वार के वार्ड क्रमांक 6 का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूनमचंद यादव पिता ननकी राम यादव उम्र 31 साल वार्ड क्रमांक 06 बाराद्वार द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 सितंबर की रात्रि 12 बजे घर के अंदर उसका बेटा आरोपी सूरज यादव द्वारा अपने पत्नि को मारपीट कर रही था जिसे छुड़ाने पर प्रार्थी को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर पेचकस मारकर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी के अपने घर में आने की सूचना मुखबिर के माध्यम से मिली। सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कर 9 दिसंबर को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर संबंधित न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र यादव, सउनि. यशंवत राठौर, प्रधान आरक्षक राजेश पैकरा, आरक्षक टकेश्वर कटकवार, आरक्षक रतन विश्वकर्मा का योगदान रहा।



विद्यार्थियों को लाने ले जाने के दौरान ना बरते कोताही

# प्राइवेट स्कूल वाहनों की जांच में मिली खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

परिवहन विभाग की टीम द्वारा जैजैपुर क्षेत्र के निजी स्कूलों के वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहनों में खामियां पाई गई। जिस पर जुर्माना वसूल किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी जांजगीर-चांपा व सक्ती गौरव साहू एवं सहायक उपनिरीक्षक परिवहन उड़नदस्ता सुनील उपाध्याय द्वारा सक्ती जिले के प्राइवेट स्कूलों का सघन जांच किया गया। सक्ती जिले के जैजैपुर विकासखण्ड के तीन प्राईवेट स्कूल संस्कार सेंट्रल एण्ड संस्कार भारती स्कूल जैजैपुर, उर्मिला पब्लिक स्कूल जैजैपुर एवं जीएससी पब्लिक स्कूल जैजैपुर का जांच किया गया। जांच के दौरान उर्मिला पब्लिक स्कूल के एक वाहन में कमी पायी गई ,जिसके लिए 2 हजार रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया तथा सभी स्कूल संचालकों को बच्चों के लाने ले जाने पर किसी भी प्रकार की लापरवाही नही करने के सख्त निर्देश दिये गये। परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी प्राईवेट स्कूलों में भी परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच की जाएगी। इसके पूर्व भी परिवहन विभाग की टीम द्वारा सक्ती जिले के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के वाहनों की जांच पड़ताल की गई थी। जिसमें फिटनेस सहित दस्तावेजों में कमी पाई पाए जाने की स्थिति में संबंधित संचालकों से जुर्माना वसूल किया गया था।


वाहनों की जांच करने पहुंचे परिवहन विभाग की टीम।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### विभिन्न समस्याओं को नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बाँकीमोंगरा में व्याप्त मूलभूत सुविधाओं के निराकरण की मांग को लेकर विपक्षी पार्षदों ने राशन कार्ड में हो रही लेटलतीफ़ी, पेयजल व्यवस्था में लापरवाही, मुख्य चौक से लेकर जगह जगह की स्ट्रीट लाइट सही करने, सफ़ाई व्यवस्था सही करने सहित अन्य समस्यओं के निराकरण की माँग को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है एवं जल्द से जल्द समस्याओं के निराकरण की माँग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह, रूबी गुप्ता, राकेश अग्रवाल, राजकुमार मिश्रा, तालिका साहू, संदीप डहरिया, हेमंत साहनी, इंद्रजीत बिंझवार, केशव नाहक शामिल थे।

### वनस्पति शास्त्र विभाग के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोरबा।** पीजी कॉलेज में वनस्पति शास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया।स शैक्षणिक भ्रमण में एमएससी वनस्पति शास्त्र प्रथम एवम तृतीय सेमेस्टर के 20 छात्र छात्राएं शामिल हुए। शिक्षक जेसी बसु ने इंडियन बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कर विस्तृत जानकारी दी। गार्डन के डायरेक्टर डॉ देवेंद्र सिंह ने छात्रों को विश्व के सबसे बड़े बरगद वृक्ष, विक्टोरिया अमेजोनिका, नक्षत्र वाटिका, टैक्सओनोमिक पार्क, चरक वाटिका की जानकारी प्रदान की साथ ही अनेक दुर्लभ एवं संकटापन्न पादप प्रजातियों के बारे में बताया। छात्रों ने सेंट्रल नेशनल हरबेरिम का भ्रमण कर भारत के सबसे बड़े हरबेरिम की जानकारी ली। सेंट्रल नेशनल हरबेरिम की वनस्पति शास्त्री डॉ दीप्ति डे ने इस इंस्टिट्यूट एवं हरबेरिम तकनीक पर प्रस्तुतिकरण दिया। छात्रों ने इस दौरान कोलकाता के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थान जैसे बिरला प्लेनेटोरियम, साइंस सिटी, विक्टोरिया मेमोरियल का भी भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में वनस्पति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रेणुबाला शर्मा, तथा सहायक प्राध्यापक डॉ संदीप शुक्ला, सुशील अग्रवाल, डोलामणी साहू शामिल थे।

### 108 के कर्मचारियों को नहीं मिला है वेतन 3 दिन बाद करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**कोरबा।** स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने वाली 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी इन दिनों काफी परेशान है। 11 एंबुलेंस के जरिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले इन कर्मचारियों ने कहा है कि उन्हें ढाई माह से वेतन ही नहीं मिला उनका जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है 108 के कर्मचारियों ने बताया की वेतन न मिलने और अन्य समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया गया लेकिन राहत नहीं मिली। एक बार फिर उन्होंने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वेतन दिलवाया जाए अन्यथा तीन दिन बाद सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। कर्मचारियों ने बताया कि जय अंबे नामक कंपनी 108 के जरिए सेवा प्रदान कर रही है। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को सिर्फ 9910 रुपए वेतन दिया जाता है और बदले में 12 घंटे तक ड्यूटी करनी होती है। इन कर्मचारियों का यह भी आरोप लगाया है कि कंपनी एंबुलेंस का मेंटेनेंस नहीं करवा रही है जिसके कारण इसके जरिए सेवा प्रदान करना जोखिम भरा हो गया है।

### कन्हैयाजी वेलफेयर सोसायटी ने जरूरतमंदों को कंबल का किया वितरण

**कोरबा।** वेलफेयर सोसायटी (बीके) द्वारा शनिवार को वनांचल ग्राम केरवां, ढेंगुरगडीह, दरगा, पतरापाली में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के साथ जरूरतमंद ग्रामीणों को निःशुल्क कंबल का वितरण किया। कंबल वितरण की यह पहल बढ़ती ठंड को देखते हुए जनजातीय समाज के लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य की गई। सोसायटी द्वारा कंबल वितरण का यह सातवां वर्ष था। वितरण के दौरान हरबीर सिंह होरा, टीपी गुप्ता, नरेश पांडेय, बलबीर कौर, शमा

# छग मत्स्य महासंघ ने एक ही ठेकेदार को पुनः ठेका देने का जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मत्स्य महासंघ छत्तीसगढ़ द्वारा बागों बांध जलाशय को पुनः ठेके पर देने का विरोध तथा ठेकेदार से कोई भी अनुबंध नहीं करने का हसदेव बागों जलाशय के 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों ने निर्णय लिया है। सोमवार को वर्तमान में मिनीमाता हसदेव बांगो जलाशय को ठेके पर लिए हुए ठेकेदार छत्रपाल पटेल तथा मत्स्य महासंघ ने स्थानीय 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों के साथ सामूहिक बैठक आयोजित की थी।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय मछुआरा समुदाय, जलाशय विस्थापित आदिवासी समाज जिनके 58 गांव बांध के कारण पूर्णतः डूब गए थे लंबे समय से सरकार की मत्स्य नीति का विरोध कर रहे जो कि जलाशय को 10 वर्षों की लीज पर दे देते हैं। बैठक वर्तमान में ठेकदार छत्रपाल पटेल और मत्स्य विभाग द्वारा संयुक्त रुप से आयोजित की गई थी जिसमें जलाशय की सभी 22 पंजीकृत मछुआरा समितियों से ठेकदार मछली के मूल्य पर अनुबंध करना चाहता था कि समितियां उस मूल्य पर मछली पकड़ कर ठेकदार को देगी। इस बैठक का सभी 22 समितियों के पदाधिकारी और स्थानीय विस्थापित आदिवासियों ने विरोध किया। छातापखना मछुआरा समिति के अध्यक्ष दीपक मंझवार ने बताया कि मत्स्य नीति का हम लंबे समय से विरोध कर रहें रहे है और इसी वर्ष 10 वर्षों का ठेका जून माह के पूरा हो रहा था इसलिए हमने शासन, अधिकारियों को इससे अवगत कराया कि ठेका प्रणाली हम स्थानीय का शोषण करती है इसलिए मत्स्य नीति में बदलाओं करके बांध के मत्स्यखेट की रॉयल्टी आधारित पुरानी प्रणाली पुनः लागू की जाय, और इसलिए हमारी किसी समिति ने ठेका में भाग नहीं लिया किंतु हमारी विनती और विस्थापितों की समस्याओं को अनसुना कर मत्स्य महासंघ ने ठेका जारी कर 51 लाख में मिनीमाता हसदेव बांध को नीलम कर दिया।

### हसदेव बांगो जलाशय के 22 पंजीकृत मछुवारा समितियों ने लिया निर्णय



#### औने पौने दामों पर खरीदा जाता है मछली

नारी शक्ति मछुआरा समिति बुका के फिरतु बिंझवार ने बताया कि पिछला ठेकेदार हमसे औने पौने दामों पर मछलियां खरीदता था ऊपर से मना करने पर मारपीट, पुलिस की धमकी आम बात थी, इसी के साथ नियम में यह लिखा है कि हर साल ठेकदार को बांध में प्रति वर्ष मछली बीज डालना होता हैं किंतु पिछला ठेकदार ने 10 वर्षों में केवल एक बार मछली बीज डाला था, यह मत्स्य विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत और भ्रष्टाचार का साफ़ नमूना है। साथ ही पानी में मछलियों के निर्मम दोहन से बांध के जल पर असर पड़ता है।

### दिसंबर माह में शासन स्तर से ही ई-केवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के आबंटन पर लगी रोक

# राशन कार्ड के 95 हजार सदस्यों के नाम से आबंटित होने वाली खाद्य सामग्री बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद्य विभाग के राशन कार्ड हितग्राहियों के 95 हजार सदस्यों का दिसंबर माह से उनके हिस्से में आने वाली खाद्य सामग्री के वितरण पर रोक लगा दी गई है। ऐसे सदस्यों के द्वारा ई-केवायसी नहीं कराए जाने की वजह से शासन स्तर से ही आबंटन पर रोक लगाई गई है जिससे एपीएल, बीपीएल परिवारों को आबंटित होने वाली खाद्य सामग्री में कमी आ गई है। इससे हितग्राहियों में हड़कंप मच गया है।

मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत बीपीएल और एपीएल परिवारों को अलग अलग दर पर चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की जा रही है। व्यवस्था पर सुधार के उद्देश्य से पिछले वर्ष से राशन कार्ड के सभी सदस्यों की ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया गया है और इसके लिए समय समय पर सूचना जारी कर ई-केवायसी की समयावधि भी बढ़ाई गई ताकि जो सदस्य ई केवायसी कराने में छूट गए हैं वे ई केवायसी करा लें। इसमें कुछ ऐसे सदस्य भी सामने आए जिसमें कार्ड के मुखिया ने ई केवायसी तो कराया है लेकिन सदस्यों ने नहीं कराया है। ऐसे राशन कार्डधारियों के सदस्यों के नाम से खाद्य सामग्री का आबंटन दिसंबर माह से बंद कर दिया गया है। स्थिति यह हो गई है कि जिस परिवार में 35 किलो चावल जाता था अब वह 15 से 20 किलो में आकर सिमट गया है कुछ पीडीएस दुकान में तो एक कार्ड पर 5 किलो ही खाद्य सामग्री मिली है क्योंकि ई केवायसी मुखिया का ही हुआ है शेष सदस्यो से ई केवायसी नहीं कराया था इसलिए उनके नाम से आने वाली खाद्य सामग्री दिसंबर माह से बंद कर दी गई है।

#### खास बात

- ई-केवायसी कराने के लिए बार बार विभाग के द्वारा बढ़ाई गई थी तिथि




राशन लेती हितग्राही।

#### मिल रही थी खाद्य सामग्री इसलिए नहीं लिया गंभीरता से

ई-केवायसी कराने के निर्देश के बाद भी जिन सदस्यों के द्वारा अपना ई केवायसी नहीं कराया गया था उसके बावजूद उनके नाम से खाद्य सामग्री आबंटित हो रही थी इसलिए ऐसे सदस्यों ने ई-केवायसी कराना उचित नहीं समझा और अब दिसंबर महीने में खाद्य सामग्री का आबंटन बंद हुआ तो ऐसे सदस्य पीडीएस दुकान से लेकर खाद्य विभाग के चक्कर काट रहे हैं। राशन कार्ड में मुखिया के अलावा शामिल कुछ सदस्य ऐसे हैं जिनके नाम शहर के राशन कार्ड में होने के साथ साथ गांव के राशन कार्ड में भी है। यही कारण था कि फर्जीवाड़े में पकड़े जाने के भय से ई-केवायसी नहीं कराया गया। विभाग के द्वारा ऐसे राशन कार्डों को भी निरस्त किया जा रहा है जो राशन कार्ड तो बनवा लिए हैं लेकिन खाद्य सामग्री का उठाव नहीं किए हैं। ऐसे हितग्राहियों के राशन कार्ड विभाग ने अक्टूबर महीने में ही निरस्त कर दिए थे। इसके अलावा ऐसे राशन कार्ड भी निरस्त हुए हैं जिनके मुखिया कहीं और राशन कार्ड बनवा लिए हैं। विभाग के अनुसार 7 हजार राशन कार्डों को निरस्त करने की कार्यवाही की गई है।

# चचिया में दंतैल ने तोड़ी फेंसिंग, धान स्टॉक के पास विचरण से बढ़ी मुश्किलें



चचिया धान खरीदी केंद्र में मंडराता हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु हो गई है। वहीं जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित उपार्जन केंद्रों में चुनौतियों के बीच खरीदी की जा रही है। पिछले साल चचिया गांव में दंतैल हाथी ने उत्पात मचाते हुए सरकारी विभाग द्वारा की गई फेंसिंग क्षतिग्रस्त कर दी। रात्रि में उसे धान के स्टॉक के पास विचरण करते देखा गया। हालांकि बाद में उसे किसी तरह खदेड़ा जाना संभव हो सका। प्रभावित क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी से कर्मी भयभीत हैं। कोरबा वनमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की उपस्थिति ने जन सामान्य के साथ आदिवासी सेवा सहकारी समितियों को मुश्किल में डाल दिया है, जिनके कंधों पर सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जिम्मेदारी है। आए दिन इस क्षेत्र में हाथियों की पहुंच रहे हैं। इन सबके बीच चचिया गांव में पिछली शाम एक दंतैल हाथी की मौजूदगी ने न केवल लोगों को डराया बल्कि कई मुश्किलें भी पैदा हो गई। बताया जाता है कि चचिया के धान उपार्जन केंद्र से कुछ ही दूरी पर जंगली जानवरों को रोकने के लिए फेंसिंग तार का एक बड़ा हिस्सा हाथी ने रौंद डाला।

# गुरसिया एवं पचरा में अवैध धान भंडारण पर संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के निर्देशन में गठित संयुक्त टीम द्वारा अवैध रूप से भंडारित धान पर व्यापक कार्रवाई की गई। गुरसिया क्षेत्र में किए गए निरीक्षण के दौरान व्यापारी भरत अग्रवाल के गोदाम से 108 बोरी धान और 132 बोरी चार गुठली तथा व्यापारी मोहन लाल अग्रवाल की दुकान से 30 बोरी चार गुठली बिना किसी वैध दस्तावेज के भंडारित पाई गई। मंडी अधिनियम के तहत यह संपूर्ण सामग्री जब्त कर ली गई और आगामी कार्रवाई तक संबंधित व्यापारियों की सुपुर्दगी में रखी गई। इसी क्रम में ग्राम पंचायत पचरा में संचालित किराना दुकान संचालक चारुदत्त जायसवाल के गोदाम में भंडारित 135 बोरी, लगभग 54 क्विंटल धान भी बिना वैध दस्तावेज के पाया गया। संयुक्त जांच दल द्वारा यहां भी मंडी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक जब्ती की कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा गुरसिया और पचरा में की गई यह कार्यवाही जिले में अवैध धान भंडारण एवं अनियमितताओं पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है।



#### स्टॉक में अनुपात से कम मिला चावल

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं कटघोरा एसडीएम के मार्गदर्शन में सोमवार को कटघोरा स्थित राइस मिल मेसर्स सुरभि राइस प्रोडक्ट का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन किया गया। यह कार्रवाई तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, खाद्य निरीक्षक कटघोरा सुरेन्द्र कुमार लाँझी, तथा राजस्व निरीक्षक कमलेश साहू की संयुक्त टीम द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान मिल में उपलब्ध स्टॉक की विस्तृत जांच की गई। कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 में मिलर द्वारा उठाए गए कुल धान के विरुद्ध जमा किया जाने वाला चावल अपेक्षित मात्रा से कम पाया गया। जांच में 6428.76 क्विंटल चावल (आनुपातिक धान मात्रा 9595.16 क्विंटल) की कमी दर्ज की गई। मिल परिसर में भौतिक रूप से पाए गए शेष स्टॉक 205 क्विंटल चावल एवं 82 क्विंटल धान को मौके पर ही जप्त किया गया।

# मौसम गुलजार, पिकनिक स्थलों पर बढ़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में ठंड का मौसम शुरू होते ही पिकनिक स्थलों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। सप्ताह के सातों दिन कोरबा और आसपास के सभी प्रमुख पिकनिक स्पॉट गुलजार नजर आ रहे हैं। प्राकृतिक खूबसूरती के बीच मौजूद कई खतरों के बावजूद, इन स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर है, जिससे पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। देवपहरी इन दिनों सबसे ज्यादा भीड़ आकर्षित करने वाला स्थल बना हुआ है। यहां की चमकदार चट्टानें दूर से बेहद आकर्षक दिखती हैं, लेकिन यही चट्टानें अपनी नुकीली संरचना के कारण खतरनाक भी साबित हो सकती हैं। पानी की धार से वर्षों में तराशी गई ये चट्टानें कई जगह बेहद फिसलनभरी और धारदार हैं, जहां जरा सी लापरवाही दुर्घटनाओं को जन्म दे सकती है। अपनी सुंदरता के बावजूद, इस स्थल सहित कई अन्य पिकनिक स्पॉट्स में सुरक्षा प्रबंध बेहद कमजोर हैं। झोराघाट, देवपहरी, सतरेंगा, केसला, रानी झरना, कॉफी प्वाइंट, गहनिया, नकिया वाटर प्वाइंट, व्यू प्वाइंट, टाइगर प्वाइंट, खेतार वाटर फॉल, रैनखोल वाटर फॉल, केंदई वाटर फॉल, चैतुरगढ़, बांगो डेम, गोल्डन आयलैंड सहित अनेक पिकनिक स्थल इन दिनों लोगों से पटे रहते हैं। लेकिन दूर-दराज स्थित इन जगहों पर शासन-प्रशासन द्वारा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती संभव नहीं हो पाती।

प्रारूप-37
(नियम 61(3) देखिए)
मोटरयान के रजिस्ट्रीकृत स्वामी को रद्दकरण के लिए रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अभ्यर्पण करने और वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने की सूचना (दो प्रतियों में, दूसरी प्रति नोटिस जारी करने पर वित्तपोषक को भेजी जावेगी।)
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर सं. 456
तारीख 05/12/2025
श्री / श्रीमती / कुमारी-HEMANT KUMAR BANJARE, S/O- BALK RAM BANJARE, HOUSE- 171 CHHUIHA, CHHUIHA BALODA BAZAR (CG)-493338, MOB NO. 8815677647 (रजिस्ट्रीकृत स्वामी) को यह सूचित किया है कि Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., Raipur (वित्तपोषक) ने यह सूचित किया है कि उसने / उन्होंने उक्त करार उपबन्ध अधीन आपके व्यतिक्रम के कारण अवक्रय/आडमान / पट्टा करार अंतर्गत आने वाले मोटरयान जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या CG04QA7166 है, कब्जा ग्रहण कर लिया है और यह कि-
1. आपने उसे / उन्हें रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र देने से इंकार कर दिया है। 2. आप फरार हो गये हैं।
उसने / उन्होंने रजिस्ट्रीकृत प्रमाण पत्र रद्द करने और अपने नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी करने का अनुरोध किया है।
अतः आपको उक्त मोटर यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र अभ्यर्पित करने को निर्देश दिया जाता है, जिसे आपने कब्जा खो देने पर धारा 2 (30) के अधीन स्वामित्व भी खो दिया है और इस बारे में आपका अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो इस नोटिस की आपके द्वारा प्राप्ति के सात दिन के भीतर इस कार्यालय को, करने का निर्देश दिया जाता है। आपके असफल रहने पर धारा 51(5) के अनुसार आपके द्वारा धारित रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र रद्द करते हुये वित्तपोषक के नाम में नया रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जाएगा।
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर
प्रति, वित्त पोषक Manager, Cholamandalam Investment And Fin. Co. Ltd., 7th floor, Shop no. 7036 to 7059, Currency Tower, VIP Chowk, G.E. Road, Raipur (C.G) - 492001
रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी रायपुर
प्रति, रजिस्ट्रीकृत स्वामी HEMANT KUMAR BANJARE, S/O-BALK RAM BANJARE, HOUSE-171 CHHUIHA, 1474CHHUIHA BALODA BAZAR (CG)-493338, MOB NO. 8815677647

प्रो.क्र.535
न्यायालय श्रीमान अष्टम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
राधेश्याम गुप्ता व अन्य...वादीगण अपीलार्थीगण
विरुद्ध
तामेश्वर सिंह कौशिक व अन्य....उत्तरवादीगण /प्रतिवादीगण
व्य. अपील क्र. 85-अ/25
आदेश दिनांक 28/11/25
नोटिसी :-
(अ) श्रीमती चंद्रकला आयु 50 वर्ष पति छत्रपाल सिंह निवासी बलौदा तह. बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(ब) श्रीमती राजकुमारी आयु 45 वर्ष पति श्री सुरेश कौशिक निवासी बिरकोनी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
अपीलार्थीगण राधेश्याम गुप्ता व अन्य के द्वारा प्रतिवादी तामेश्वर सिंह व अन्य के विरुद्ध इस न्यायालय में व्यवहार अपील अंतर्गत आदेश 41 नियम 01 सहपठित धारा 151 व्य. प्र. स. के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई हेतु इस न्यायालय में अपील प्रकरण क्र. 85-अ/2025 है जिसमें दिनांक 05/02/26 को दिन 11:00 बजे तिथि नियत है जिसमे हाजिर होने हेतु आपको सम्मंस / इश्तिहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिनको इस प्रकरण के सम्यक अनुदेश दिया गया हो और जो इस वाद से सम्बंधित सारवान प्रश्नों का उचित उत्तर दे सके और प्रतिरक्षा कर सके। यदि नियत तिथि को किसी प्रकार का आपत्ति / प्रतिरक्षा नहीं किये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि का अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में किया जायेगा ।
अतः आज दिनांक 06/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया जाता है।
दिनांक: 06/12/25
बिलासपुर
(अनिल प्रभात मिंज)
अष्टम जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

समक्ष अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.)
अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
शपथ-पत्र
मैं भरत लाल चन्द्राकर (BHARAT LAL CHANDRAKAR) उम्र 45 वर्ष पिता श्री वेंकटराम चन्द्राकर (VENKATRAM CHANDRAKAR) जाति कुर्मी निवासी ग्राम परसदा (रे.) थाना मुलमुला तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। 2. यह कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड में नाम रोली (ROLI) है व उसके अंकसूची एवं जन्मप्रमाण पत्र मे रोली चन्द्राकर (ROLEE CHANDRAKAR) पिता भरत लाल (BHARAT LAL) है। 3. यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक- 4296 3047 2816 में रोली (ROLI) पिता भरत लाल चन्द्राकर (BHARAT LAL CHANDRAKAR) है। 4. यह कि रोली (ROLI) और रोली चन्द्राकर (ROLEE CHANDRAKAR) अलग-अलग व्यक्ति नही अपितु एक ही है अर्थात् मुझ शपथकर्ता के पुत्री रोली चन्द्राकर (ROLEE CHANDRAKAR) पिता श्री भरत लाल चन्द्राकर (BHARAT LAL CHANDRAKAR) है जो कि मेरे पुत्री का है। 5. यह कि मै उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष सादर समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। 6. यह कि छ.ग. के राजपत्र मे मेरे पुत्री का नाम रोली चन्द्राकर (ROLEE CHANDRAKAR) पिता श्री भरत लाल चन्द्राकर (BHARAT LAL CHANDRAKAR) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत है।
शपथकर्ता
सत्यापन
मैं भरत लाल चन्द्राकर (BHARAT LAL CHANDRAKAR) पिता श्री वेंकटराम चन्द्राकर (VENKATRAM CHANDRAKAR) उपरोक्त लिखित शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक-1 से 6 तक की दी गई समस्त जानकारी मेरे अनुसार सही एवं सत्य है अतः अकलतरा में उपस्थित होकर पढ़कर सुनकर आज अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करता हूं।
स्थान अकलतरा
दिनांक :-
सत्यापनकर्ता

न्यायालय : (प्रशांत कुमार शिवहरे),
प्रथम जिला न्यायाधीश, सक्ती
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक RCA-20A/2023
प्रोसेस नंबर 1296/2025
जारी तारीख 04/12/2025
पेशी तारीख 08.01.2026
बसंत कुमार अग्रवाल
बनाम
उमाशंकर देवांगन वगैरह
बनामः- 1- घनश्याम देवांगन पिता महेत्तर देवांगन उम्र 40 साल, निवासी वार्ड नं. 13 सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)
2- जगन्नाथ देवांगन पिता महेत्तर देवांगन उम्र 38 साल, निवासी वार्ड नं. 13 सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती (छ.ग.)
अपीलार्थी बसंत कुमार अग्रवाल पिता बिसाहू राम उम्र 44 साल, निवासी सक्ती तहसील व जिला सक्ती (छ.ग.) ने व्यवहार अपील प्रकरण क्र.20 अ/2023 के तहत पक्षकार बसंत कुमार अग्रवाल बनाम उमाशंकर देवांगन वगैरह का प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उत्तरवादी क्र. 6, 7 की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण अपीलार्थी द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 08/01/2026 है।
अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें, तो प्रकरण की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोट :- यदि नियत तिथि पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी।
आज दिनांक 04.12.2025 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।
दिनांक 04/12/2025
(प्रशांत कुमार शिवहरे)
प्रथम जिला न्यायाधीश, सक्ती
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बढ़ाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में बदलाव, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का ईलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# जल्लाद के रोल में असली धुरंधर साबित हुए अक्षय...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस में भौकाल मचा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना ट्रेंड कर रहे हैं। अक्षय खन्ना खूंखार गैंगस्टर के किरदार में धांसू लगे हैं, जिसके दहशत से लोग कभी थरथर कांपते थे। उसके कारनामे देखकर लोगों के हलक सूख जाते थे। फिल्म में रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना की अदाकारी फिल्म के बाकी धुरंधरों पर भारी पड़ रही है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें भारत-पाक के आतंकवाद के खिलाफ जंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी 2000 के दशक के आखिर में कराची के लियारी इलाके के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

लाइफ Style

# शुभांगी



## तन्वी द ग्रेट के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था। शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।' आगे शुभांगी ने अनुपम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शकों को फिल्म और उसका सुंदर मैसेज पसंद आया। अनुपम सर का बहुत-बहुत शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे जिंदगी भर याद रहने वाला रोल दिया। इस दौरान अनुपम खेर ने कहा, 'यह बहुत अच्छी जीत है। शुभांगी ने तन्वी के किरदार में पूरी जान डाल दी। यह फिल्म दिल से बनी है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना बहुत खुशी की बात है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की है, जो अपने दिवंगत पिता का सपना पूरा करने के लिए सियाचिन (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र) पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराना चाहती है।

## हॉलीवुड मसाला



# शादी के लिए वेन्यू की तलाश खत्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और युवा दिलों की धड़कन टेलर स्विफ्ट ने जब फुटबॉल प्लेयर ट्रैविस केल्स संग सगाई की घोषणा की, तो दुनियाभर में उनके फैंस दीवाने हो गए। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स रोड आइलैंड के ओशन हाउस में शादी करने का प्लान बना रहे हैं। यह शादी 13 जून, 2026 को होने वाली है। टेलर स्विफ्ट अपनी 1.6 बिलियन डॉलर (14416.88 करोड़ रुपए) की नेट वर्थ में से अच्छा-खासा पैसा अपनी लग्जरी वेडिंग पर खर्च करने वाली हैं। दोनों टेनेसी में एक ब्लैकबेरी फार्म पर भी कुछ समय के लिए विचार कर रहे थे। लेकिन, अब शादी के लिए अगल वेन्यू 'ओशन हाउस होटल' तय किया गया है।



# 17 साल का लड़का, जो 9 लोगों का करता है मर्डर

**लॉस एंजिल्स।** एक साइकोलॉजिकल हॉरर-ड्रामा सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पहला सीजन 2013 में आया था और आखिरी सीजन 2017 में आया था। इसे कार्लटन क्यूज, केरी एहरिन और एंथनी सिप्रियानो ने मिलकर डेवलप किया था। इसके डायरेक्शन में टकर गेट्स, टीम मेंटॉर्फ और सारा बॉयड जैसे कई एक्सपीरियंसड नाम जुड़े थे। इस सीरीज की खासियत इसकी डार्क टोन और किरदारों की गहराई में उतरती कहानी है। इस सीरीज की कहानी नॉर्मन बेट्स और उसकी मां नॉर्मा के रिश्तों के ईद-गिर्द घूमती है। कैसे वे एक छोटे शहर में नया जीवन शुरू करने के लिए मोटल खरीदते हैं, लेकिन धीरे-धीरे मिस्टीरियस घटनाएं और नॉर्मन की मेंटल हेल्थ सामने आती है। सीरीज दिखाया गया है कि कैसे मासूम सा दिखने वाला नॉर्मन एक खतरनाक सीरियल किलर बन जाता है, जो 9 लोगों को मौत के घाट उतार देता है।



# बेटी के जन्म के बाद पहली बार दिखीं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने पहले बच्चे को जन्म देने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आईं। उन्होंने 15 जुलाई 2025 को बेटी सरायाह मल्होत्रा को जन्म दिया था। अब करीब 6 महीने बाद फैंस को उनकी झलक देखने को मिली है। कियारा ने पपाराजी से बात भी की। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी बेटी कैसी है। कियारा आडवाणी के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस का कहना है कि बेटी को जन्म देने के बाद भी कियारा बिल्कुल नहीं बदली हैं। वो पहले जैसी ही फिट और खूबसूरत दिख रही हैं। कियारा से पपाराजी ने पूछा कि उनकी बेटी सरायाह मल्होत्रा कैसी हैं तो उन्होंने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं। मालूम हो कि कियारा ने 7 फरवरी 2023 को सिद्धार्थ मल्होत्रा से जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में ग्रैंड वेडिंग की थी।



# हैवान की शूटिंग हुई खत्म सैफ ने काटा केक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की आखिरी ग्रुप फोटो शेयर करते हुए यह खुशखबरी दी। इन तस्वीरों में सैफ अली खान, फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन और सैयामी खेर समेत कई कलाकार और क्रू मेंबर्स बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में एक बहुत बड़ा कार चेज सीन फिल्माया गया है। इसमें 30-40 लग्जरी कारों और करीब 100 जूनियर आर्टिस्ट्स का इस्तेमाल किया गया। यह सीन चर्चगेट (मुंबई) की सड़कों पर लगातार 5 रातों तक शूट हुआ। इस शानदार एक्शन को विश्व प्रसिद्ध स्टंट डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने डिजाइन किया है। फिल्म 'हैवान' अगले साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# सिर्फ ट्रॉफी और कैश प्राइज ही नहीं गौरव ने जीती इतनी सारी चीजें

**नई दिल्ली।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो के होस्ट सलमान खान ने अनाउंस किया कि उन्हें सिर्फ ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि 50 लाख रुपएकी प्राइज मनी भी मिली है। सिर्फ इतना ही नहीं, शो के दौरान गौरव ने कई सारी चीजें जीती हैं। बिग बॉस के घर में स्पॉन्सर टास्क हुआ था। इस टास्क के दौरान गौरव खन्ना को घरवालों के सबसे ज्यादा वोट्स मिले थे जिसकी वजह से सिट्रोएन उन्हें ब्रांड न्यू सिट्रोएन कार मिली थी। गौरव खन्ना को मोस्ट स्टाइलिश कंटेस्टेंट होने का खिताब मिला था और फ्लिपकार्ट ने उन्हें अपनी तरफ से 1.5 लाख रुपये का फ्लिपकार्ट वाउचर भी दिया था। डेन्यूब ने बिग बॉस के टॉप 6 कंटेस्टेंट्स से वादा किया था कि वह उन्हें क्रूज पार्टी का एक्सेस देगा। जब भी कंटेस्टेंट्स क्रूज पार्टी के पासेस लेकर दुबई जाएंगे तब डेन्यूब उन्हें लग्जरी क्रूज पार्टी को एक्सपीरियंस करने का मौका देगा। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव खन्ना की एक हफ्ते की सैलरी 17.5 लाख रुपए की थी और उन्होंने बिग बॉस में 15 हफ्तों का सफर पूरा किया। मतलब उन्हें इस शो से कुल 2.62 करोड़ रुपये की फीस मिली है। इसके साथ ही उन्हें 50 लाख रुपये की प्राइज मनी भी मिली। यानी उन्होंने 'बिग बॉस 19' से कुल 3.12 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## रूपल बनीं नोमिश की दुल्हनिया

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' का हिस्सा रह चुकीं रूपल त्यागी ने भी सात फेरे ले लिए हैं। उन्होंने नोमिश भारद्वाज से 5 दिसंबर को ही शादी की और अब उसकी ढेरों तस्वीरें इंटरनेट पर शेयर की। हालांकि,



उनके इस वेडिंग एल्बम में दुल्हेराजा कहीं नजर ही नहीं आए। उनके दोस्तों ने जो साथ की फोटोज पोस्ट की थीं, उससे ही उनकी झलक देखने को मिली। 'सपने सुहाने लड़कपन' में गुंजन का किरदार निभाने वाली रूपल त्यागी ने अपनी शादी को प्राइवेट रखा। बहुत ही खास और करीबी को इन्वाइट किया था। रूपल त्यागी ने लाल रंग का लहंगा शादी के लिए चुना था। इस पर उन्होंने आर्टीफीशियल ज्वैलरी के बजाए, मां के गहने पहनना पसंद किया। सोने के आभूषणों से लदी एक्ट्रेस बेहद सुंदर लग रही थीं। रूपल त्यागी ने बताया कि उन्होंने अपनी मां का नेकलेस, इयरिंग, हाथफूल और कड़ा पहना था। उनके लहंगे की बेल्ट पर उनके और पति का आधा-आधा नाम लिखा था। नोमिश से वह मुंहई में दो साल पहले एक दोस्त के जरिए मिली थीं। उनके पति कैमरे के पीछे एनीमेशन में लॉस एंजिल्स में काम करते हैं।

# स्टेज पर परफॉर्म कर रही कनिका पर शख्स ने अचानक किया हमला



मुंबई। कनिका कपूर फिर से चर्चा में हैं। कनिका अपने किसी गाने की वजह से नहीं, बल्कि उनके साथ कॉन्सर्ट में हुए हादसे की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। कनिका का एक वीडियो कॉन्सर्ट के दौरान का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उनके साथ बदसलूकी करता नजर आ रहा है। कनिका कपूर बॉलीवुड की पसंदीदा गायिकाओं में से एक हैं। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान कनिका पर एक शख्स ने हमला कर दिया, जो मंच पर पहुंचकर उन्हें उठाने की कोशिश कर रहा था। वो तो गनीमत है कि गायिका के सुरक्षाकर्मी सक्रिय थे और उन्होंने उस व्यक्ति को मंच से नीचे उतार दिया। इस घटना के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कनिका का यह वीडियो मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान का है। कनिका का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जहां कुछ लोगों का कहना है कि ये कनिका का प्रोफेशनलिज्म है कि उन्होंने बिना घबराए अपनी परफॉर्मेंस जारी रखी। तो वहीं कुछ कनिका के रिएक्शन को देखने के बाद इसे स्क्रिप्टेड इंसीडेंट बता रहे हैं।

# कॉमेडी-एक्शन से लेकर क्राइम-थ्रिलर तक, ओटीटी पर इस हफ्ते दर्शकों को मिलेगा एंटरटेनमेंट का डोज

*नई दिल्ली। दिसंबर का दूसरा हफ्ता दर्शकों के लिए खास होने वाला है। साल के आखिर में ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की बारिश करने की पूरी प्लानिंग की जा चुकी है। हर बार की तरह इस बार भी कॉमेडी, थ्रिलर, मिस्ट्री, एडवेंचर और इमोशनल ड्रामा- हर जोनर का कंटेंट लाया गया है। नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार और जी 5 जैसे प्लेटफॉर्म्स पर एक से बढ़कर एक शो और फिल्में आपका इंतजार कर रही हैं। a*

**सिंगल पापा :** 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर अभिनेता कुनाल खेमू एक बार फिर हल्के-फुल्के, लेकिन दिल को छू लेने वाले किरदार में वापसी कर रहे हैं। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जो तलाक के बाद जिंदगी को नये ढंग से जीना चाहता है। इसी सोच में वह एक बच्चा गोद लेने का फैसला कर लेता है। यह निर्णय उसके पूरे परिवार को हैरानी में डाल देता है। कुनाल का यह किरदार हँसाता भी है और सोचने पर मजबूर भी करता है।

**मैन वर्सेज बेबी :** नेटफ्लिक्स पर ही 11 दिसंबर को मिस्टर बीन दस्तक देने वाले हैं। रोवन एटकिंसन की मौजूदगी ही कॉमेडी की गारंटी है। इस सीरीज में वह ट्रेवर बिंगली बने हैं—एक ऐसा शख्स जिसे क्रिसमस की छुट्टियों में एक आलीशान पेंटहाउस की देखभाल करनी है। सब कुछ तब बिगड़ जाता है जब वह एक परित्यक्त बच्चा पाता है। इसके बाद जो अराजकता शुरू होती है, वह दर्शकों को पेट पकड़ कर हँसने पर मजबूर कर देगी।

**परसी जैक्सन एंड द ओलंपियंस :** 10 दिसबंर को जियोहॉटस्टार पर मशहूर बुक सीरीज पर आधारित यह शो लौट आया है अपने नए रोमांच के साथ। इस बार परसी अपने दोस्तों के साथ एक खतरनाक मिशन पर जाता है- गोल्डन फ्लीस वापस लाने का। यह फ्लीस कैंप हाफ-ब्लड को बचाने के लिए जरूरी है। मिस्ट्री, मिथोलॉजी और मारधाड़ से भरपूर यह सीजन बच्चों और बड़ों दोनों को पसंद आएगा।



**साली मोहब्बत :** 12 दिसंबर को जी 5 पर ये फिल्म रिलीज हो रही है। राधिका आप्टे का नाम ही दमदार एक्टिंग की गारंटी है। इस थ्रिलर ड्रामा में वह एक ऐसी महिला बनी हैं जिसकी जिंदगी अचानक उस समय टूट जाती है, जब उसके पति और कज़िन की हत्या हो जाती है। छोटे शहर की यह कहानी धीरे-धीरे खुलते राज़, धोखे और रिश्तों में छिपे अंधेरे को सामने लाती है।

**सिटी ऑफ शैडोज :** बार्सिलोना की बैकड्रॉप पर बनी यह स्पेनिश क्राइम थ्रिलर दिल दहला देती है। एक ऐतिहासिक गाउदी बिल्डिंग पर लटके और जले हुए शव की बरामदगी के बाद शहर सनसनी में है। पुलिस इंस्पेक्टर मिलो मलार्ट, जो पहले ही सस्पेंड है, को मजबूरी में वापस बुलाया जाता है। केस की परतें खुलती हैं तो कहानी और गहरी होती जाती है। ये फिल्म 12 दिसबंर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है।

## अपनी साहसिक फैसलों से महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को दी एक नई दिशा

# कभी मासूम बन पर्दे पर छाईं तो कभी बिकिनी पहन दिखाई बोल्डनेस

### पढ़े-लिखे और संस्कारी परिवार में हुआ जन्म

शर्मिला टैगोर का जन्म एक सांस्कृतिक, शिक्षित और सम्पन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बचपन से ही साहित्य, संगीत और नृत्य से गहरा रिश्ता रहा। किशोरी उम्र में ही सत्यजीत रे ने उन्हें नोटिस किया और फिल्में उनके जीवन में ऐसे उतरीं कि फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### फिल्मी पर्दे पर धमाकेदार डेब्यू

वर्ष 1964 में रिलीज हुई रोमांटिक फिल्म 'कश्मीर की कली' ने शर्मिला टैगोर को रातों-रात स्टार बना दिया। उनकी सुंदरता, बड़ी आंखें, मासूम मुस्कान और सहज अभिनय ने दर्शकों को तुरंत दीवाना बना दिया। यह फिल्म पहले किसी और अभिनेत्री के पास जाने वाली थी, लेकिन किस्मत ने यहां से उन्हें अपार सफलता दी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### शशि कपूर पर था क्रश

70 के दशक में शशि कपूर और शर्मिला टैगोर की जोड़ी को दर्शक हाथों-हाथ लेते थे। दोनों ने करीब 9 फिल्में साथ कीं और कैमिस्ट्री इतनी सहज थी कि शर्मिला खुद भी शशि कपूर पर क्रश होने की बात स्वीकार कर चुकी हैं। हालांकि, यह पसंद सिर्फ दोस्ती की दहलीज़ तक ही रही और दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।



*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में अगर गरिमा, ग्लैमर, नजाकत और दमदार अभिनय को एक ही नाम से जोड़ा जाए, तो वह नाम है- शर्मिला टैगोर। 1946 में हैदराबाद में जन्मीं शर्मिला 81 वर्ष की हो चुकी हैं। सात दशकों से अधिक के फिल्मी सफर में उन्होंने अपनी सादगी, खूबसूरती और साहसिक फैसलों से न सिर्फ बॉलीवुड को बदला, बल्कि महिलाओं की ऑनस्क्रीन छवि को भी एक नई दिशा दी।*

**बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट जोड़ी :** अगर हिंदी सिनेमा में किसी जोड़ी ने लगातार हिट पर हिट दीं- तो वह राजेश खन्ना और शर्मिला टैगोर की जोड़ी थी। फिल्म आराधना, अमर प्रेम, सफर जैसी फिल्मों ने दोनों को स्टारडम की चरम सीमा पर पहुंचा दिया। एक दौर ऐसा भी आया जब शर्मिला टैगोर इंडस्ट्री की सबसे अधिक फीस लेने वाली अभिनेत्री बन गईं। 1950-60 के दशक में यह उपलब्धि किसी भी महिला कलाकार के लिए असाधारण थी।

**पहली भारतीय अभिनेत्री जिसने बड़े पर्दे पर पहनी बिकिनी :** साल 1967 की फिल्म 'एन इवनिंग इन पेरिस' में शर्मिला टैगोर का बिकिनी पहनना आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे साहसिक पलों में शुमार है। उस दौर में जब परंपरागत भूमिकाओं से आगे बढ़ना लगभग नामुमकिन था, उन्होंने अपनी छवि बदलने का जोखिम उठाया। इस कदम ने महिलाओं के लिए ग्लैमर, आत्मविश्वास और आधुनिकता के नए रास्ते खोले। 1968 में उन्होंने फिल्मफेयर मैगजीन के कवर पर भी बिकिनी पहनकर इतिहास रच दिया।

**पटौदी पर दिल हारा और बनीं आयशा बेगम :** फिल्मी फैन्स की भीड़ के बीच, शर्मिला टैगोर का दिल उस क्रिकेट स्टार पर आया जो कम बोलता था, लेकिन हर काम शाही अंदाज़ में करता था- मंसूर अली खान पटौदी। दोनों की प्रेम कहानी बेहद सादा और दिल से जुड़ी हुई थी। शादी के लिए शर्मिला ने धर्म परिवर्तन कर 'आयशा बेगम'का नाम अपनाया। यही रिश्ता आगे चलकर बॉलीवुड के सबसे रॉयल परिवारों में गिना जाने लगा। उनके तीन बच्चे- सैफ अली खान, सोहा अली खान और सबा अली खान आज अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित नाम हैं।



### अभिनेत्री ने दीं लगातार हिट फिल्में

शर्मिला टैगोर ने देवानंद, धर्मेंद्र, शम्मी कपूर, राजेश खन्ना और शशि कपूर जैसे सभी टॉप अभिनेताओं के साथ काम किया। उन्होंने कई पुरस्कार जीते जिनमें राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्मफेयर अवॉर्ड, पॉपुलर एक्ट्रेस अवॉर्ड, लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे पुरस्कार शामिल हैं। वो सेंसर बोर्ड की चेयरपर्सन भी रहीं और सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय हैं।

## खबर संक्षेप

### विधिक जागरुकता शिविर में ग्रामीणों को किया गया जागरुक



**नवागढ़।** ग्राम पंचयात किरीत में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को साइबर क्राइम, मोटर अधिनियम, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना सहित अन्य कानूनी जानकारी दी गई। ग्राम पंचयात किरीत में थाना प्रभारी नावागढ़ कमलेश कुमार सेंडे की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी नवागढ़ द्वारा साइबर लॉ, मोटर यान अधिनियम, ड्रिंक एंड ड्राइव, मादक पेय पदार्थ का उत्पादन एवं विक्रय पर रोक के बारे में जानकारी दी। पैरालीगल वालिंटियर सहदेव दास महंत थाना शिवरिनारायण द्वारा बाल विवाह, बाल श्रम, टोनही प्रताड़ना दहेज प्रताड़ना एवं राजेश कुमार कश्यप पैरालीगल वालिंटियर थाना नवागढ़ द्वारा लोक अदालत मे राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण,निःशुल्क विधिक सहायता, भ्रूण हत्या,भरण पोषण,मध्यस्थता , जागृति इकाई , डॉन, संवाद के संबंध में जानकारी देते हुए निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने की पात्रता , नालसा कि योजनाओं गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन , आपदा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं, नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं , आदिवासियों के अधिकार अधिनियम , निशुल्क कानूनी सहायता , नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, बाल श्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 ,साइबर हेल्प नम्बर 1930, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 , प्रथम सूचना रिपोर्ट,महिला सुरक्षा एप अभिव्यक्ति एप के बारे में जानकारी दिया गया।

### नगर पंचायत राहौद में श्रीमद् भागवत महापुराण कल से

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के सोनी परिवार में श्रीमद् भागवत महापुराण परायण का पाठ 11 दिसंबर को कलशयात्रा (शोभायात्रा),वेदी पूजन देव आह्वान,पाठ के साथ शुरू हो रहा है। आचार्य पं योगेश उपाध्याय (कोड़ाभाठ वाले) होंगे। प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा आरती व भजन संध्या के साथ विप्र बंधुओं द्वारा मोक्ष कामनार्थ श्रीमद् भागवत महापुराण का पाठ करेंगे। 18 दिसंबर को यज्ञ हवन पूर्णाहुति सहस्त्रधारा और 19 दिसम्बर को वार्षिक श्राद्ध एवं पितृ भोज होगा। आयोजन को लेकर श्रीमती रमा सोनी, श्रीमती रामेश्वरी -चुडामणी सोनी, श्रीमती सुशीला -बोधीराम सोनी, ईश्वर प्रसाद सोनी, मुकेश कुमार सोनी, आकांक्षा ज्वेलर्स एवं समस्त सोनी परिवार व शुभचिंतक स्नेहीजन नगर पंचायत राहौद जुटे हुए हैं।

### रौताही मेले में अवैध वसूली कलेक्टर से हुई शिकायत



**सक्ती।** नगर के वार्ड क्रमांक-15 रेलवे स्टेशन रोड में लगे रौताही मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों से मनमाना वसूली की जा रही है। इसको लेकर नरेन्द्र मोदी विचार मंच के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए इस पर कार्रवाई की मांग की है। कलेक्टर के नाम सौंपे गए ज्ञापन पत्र में प्रदेश सचिव रामनरेश यादव ने आरोप लगाया कि वार्ड 15 रेलवे स्टेशन रोड में लग रहे रौताही मेले में बाहर के दुकानदारों से 20 हजार से लेकर 80 हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। इतना ही नहीं जनता की जेब पर भी सीधा बोझ डाला जा रहा है। 50 रुपये का झूला 80 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-छोटे ठेलेवालों जो रोड किनारे लगा रहे है उनसे भी 10 हजार रुपये की वसूली का शिकार होना पड़ रहा है। यह गरीबों के रोजगार पर सीधा हमला है। प्रदेश सचिव ने प्रशासन से तत्काल अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन की प्रतिलिपि एसडीएम सक्ती और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को भी भेजी है।

आवक तेज होने के साथ ही बढ़ने लगी परेशानी

# धान खरीदी की लिमिट से हलाकान हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

समर्थन मूल्य पर हो रहे धान खरीदी की कार्य में अब तेजी आई है। इधर खरीदी की लिमिट तय होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। प्रत्येक दिन किसान अपने धान बेचने के लिए खरीदी केंद्र में चक्कर लगा रहे हैं। धान खरीदी की मात्रा को दो हजार क्विंटल बढ़ाने की मांग किसानों ने कृषि मंत्री एवं मुख्यमंत्री से किया है।

गौरतलब है कि समर्थन मूल्य पर इस बार धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हुई है। सेवा सहकारी समिति मर्यादित बिर्रा पंजीयन क्रमांक 1012 मे प्रतिदिन धान की आवक बढ़ने से किसानों का हर रोज नौ सौ छह क्विंटल धान खरीदी हो रही है। प्रत्येक दिन किसान अपने धान बेचने के लिए धान खरीदी केंद्र में चक्कर लगा रहे हैं। इस बार किसान के धान को बीमारी ने घेर रखा था और दूसरी तरफ किसी तरह धान को अपने खलिहान में रखकर धान की रतजगा करना पड़ रहा है। वैसे तो धान उपार्जन केन्द्र में किसान टोकन कटवाने और आनलाईन टोकन तुहंर द्वार के माध्यम से धान की टोकन कटवाने के कारण परेशान हो रहे है। किसान का धान टोकन जारी होने के कुछ समय बाद टोकन सिस्टम बंद हो जा रहा है। अंचल के धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने के लिए टोकन नहीं जारी हो रहा है जबकि प्रतिदिन धान की आवक 2000 क्विंटल बढ़ाने की मांग की जा रही है। धान की आवक 2000 क्विंटल नहीं बढ़ाया गया तो समयावधि में धान खरीदी नहीं हो पाएगा। हालात धान खरीदी केंद्र की इतनी खराब हो गया है कि किसान धान खरीदी केंद्र प्रभारी और कम्प्यूटर आपरेटर को खरी खोटी सुना करके चले जाते हैं। जिसके कारण खरीदी केंद्र प्रभारी और कम्प्यूटर आपरेटर को हर रोज किसानों के साथ कहा सुनी होना आम बात हो गई है। किसानों की धान की आवक हर रोज दो हजार क्विंटल बढ़ाया जाए, तभी किसानों के धान खरीदी संभव हो सकता है। अन्यथा लाखों क्विंटल धान खरीदी नहीं हो पाएगा। बिर्रा एवं आसपास के धान खरीदी केंद्र सिलादेही, डभराखुर्द, बंसुला, किकिरदा, घिवरा, मल्दा धान उपार्जन केंद्रों में शासन ने सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रहा है। धान उपार्जन केन्द्र में धान की प्रतिदिन नौ सौ किक्वटल तो कई केंद्रों 600 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।




सेवा सहकारी समिति बिर्रा।

### आनलाईन टोकन बना जी का जंजाल

शासन ने टोकन तुहंर द्वार के तहत सभी किसानों को उलझा कर रख दिया है। किसान अपने स्वयं के स्मार्टफोन से टोकन काट सकते हैं। शासन ने किसानों को स्वयं से टोकन काटने का 70 प्रतिशत एवं सेवा सहकारी समिति को 30 प्रतिशत टोकन काटने काअधिकार दिया गया है, लेकिन टोकन तुहंर द्वार की पोर्टल में समस्या आने के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। हर रोज रात के 12 बजे किसान टोकन काटने शुरू कर देते हैं क्योंकि इस पोर्टल का सर्वर हमेशा डाऊन हो जाता है तथा कई बार सर्वर कई घंटो तक गोल गोल घुमने लगता है, जिसके कारण किसान को बेवजह परेशानियां से गुजरना पड़ता है।

### विधायक राघवेन्द्र सिंह ने खरीदी लिमिट बढ़ाने कलेक्टर लिखा पत्र

अकलतरा। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर जिले के धान खरीदी केदो में खरीदी लिमिट बढ़ाए जाने की मांग की गई है। पत्र के माध्यम से श्री सिंह ने कलेक्टर को बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। वर्तमान में प्रशासन द्वारा खरीदी हेतु प्रतिदिवस की जो लिमिट तय किया गया है, वह बहुत ही कम है, जिसके कारण किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है। विदित हो कि जिले की किसानों का लगभग कृत-प्रतिशत धान की कटाई -मिंजाई का काम पूर्ण हो चुका है, किन्तु टोकन नही कटने के कारण वे अपना धान खरीदी केन्द्रों में नहीं बेच पा रहे हैं। किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए धान उपार्जन केन्द्रों में प्रतिदिवस खरीदी की लिमिट को बढ़ाने का कष्ट करें। उल्लेखनीय है कि अकलतरा सहित जिले भर के अधिकांश किसानों की फसल तैयार है लेकिन टोकन के माध्यम से खरीदी केंद्रों में धान विक्रय की प्रक्रिया अत्यंत धीमी चल रही है जिसके चलते किसानों को लंबा इंतजार सहित अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





खेत में जलता पराली।

## पराली में आग लगाना पड़ा महंगा किसान की फसल जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

बम्हनीडीह ब्लॉक के गोविन्दा-करनौद में किसी अज्ञात किसानों ने पराली में आग लगाकर छोड़ दिया। तेज हवा के कारण आग दूसरे खेतों में रखे धान की फसल की अपनी चपेट में ले लिया और धान की फसल जलकर राख हो गयी। किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तबतक फसल पूरी तरह जलकर राख हो गयी।

मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह ब्लॉक के गोविन्दा-करनौद में अज्ञात किसानों ने खेतों में पराली जलाकर छोड़ दिया, जिससे आग बेकाबू हो गई और आग आसपास के खेतों में फैल गई। देखते ही देखते आग जयशंकर देवांगन के खेत में फैल गया जिससे धान की फसल जलकर राख हो गयी। वहीं फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया,लेकिन तबतक धान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी, जिससे किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वही अब किसान द्वारा कार्यवाही कि मांग कि जा रही है। खेत में धान की पराली जलाना भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत गैरकानूनी है। इस धारा के तहत दोषी पाए जाने पर छह महीने का कारावास 15 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान है। पराली जलाने से मृदा तापमान में भी इजाफा होता है, जिसका फसलों पर नकारात्मक असर पड़ता है। किसान धान की पराली को मृदा में मिलाकर कार्बनिक खाद बना सकते है और इससे पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में सार्थक सहयोग कर सकते हैं।



## अस्मिता पूर्व राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल से हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित छठवें दीक्षांत समारोह में अस्मिता वर्मा को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर की छात्रा चंडीपारा पामगढ़ निवासी अस्मिता वर्मा ने एमएससी गणित विषय मे विश्वविद्यालय में प्रथम रेंक प्राप्त की है। विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद के हाथों उन्हें गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। अस्मिता वर्मा ने अपनी उपलब्धि को अपने माता पिता सरस ममता वर्मा, शिक्षण संस्थान एवं विश्वविद्यालय को समर्पित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। आशीष पांडेय, अमन वर्मा, अतुल वर्मा,संदीप संगीता श्रीवास्तव, राजीव संगीता वर्मा, शिवांश वर्मा,आकाश वर्मा, आदर्श वर्मा,युग श्रीवास्तव, भूमि वर्मा,गुंजू वर्मा सहित ग्राम वासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं ।




दीक्षांत समारोह में अतिथि के हाथों प्रशस्ति पत्र प्राप्त करती अस्मिता वर्मा।

## शीतलहर के कारण स्कूलों के समय में हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ शिक्षक मोर्चा के मांग पर परीक्षा व शाला समय बदला

शिक्षक संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मांगो को लेकर डी. ई .ओ. अशोक सिन्हा से मिलकर मांग रखा कि वर्तमान में जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह की पाली में विद्यालय में उपस्थित होने में बच्चों एवं शिक्षकों को कठिनाई हो रही है। आसपास के सभी जिलों में विद्यालय संचालन के समय परिवर्तन किया जा चुका है जबकि जिले में अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ है।

इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय से भी पत्र जारी हुआ है। इसी प्रकार अर्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी में 10वीं से 12वीं तक की कक्षा की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा 9वी से 11वीं तक की परीक्षा दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक किया गया है, जबकि कई स्कूल दो पाली में संचालित होती है इस प्रकार परीक्षा लेना जो कि अनुचित है। इसी प्रकार 4.30 बजे तक का समय ठंड को देखते हुए अव्यावहारिक है। अतः अर्धवार्षिक परीक्षा एक साथ एक पाली में संचालित करने हेतु आदेश जारी करने की मांग रखी गई। इस पर डीईओ ने स्थापना लिपिक को बुलाकर तुरंत आदेश तैयार करने निर्देशित किया मोर्चा के पहल पर जारी अर्धवार्षिक परीक्षा में संशोधन आदेश तुरंत जारी किया गया। जारी अर्धवार्षिक परीक्षा समय सारणी अनुसार कक्षा 9वीं से 12वी तक की समस्त परीक्षाएं दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ली जावेगी। समय परिवर्तन पर विद्यार्थियों व शिक्षकों को राहत मिली है। वहीं डीईओ ने कक्षा 1 से 8 की परीक्षा स्थगित किए जाने आदेश जारी किया। ठंड को ध्यान में रखते हुए शाला समय में परिवर्तन की मांग पर भी सकारात्मक निर्णय लेते हुए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार दो पाली में संचालित शालाएं जिसमें प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 12.15 से शाम 4.15 तक वहीं एक पाली में संचालित शालाएं प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक सोमवार से शुक्रवार को तथा शनिवार को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक संचालित होगी। जारी आदेश 11 दिसंबर से लागू होगी। प्रतिनिधि मंडल में शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला, छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, संयुक्त शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विकास सिंह, टीचर्स एसोसियेशन के जिला सचिव डॉ. बोधीराम साहू, शालेय शिक्षक संघ जिला सचिव योगेंद्र शुक्ला सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जारी किया आदेश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में पड़ रहे अत्याधिक ठंड और शीतलहर के कारण छात्रहित को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों का संचालन समय परिवर्तित किया है जो 11 दिसंबर से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेशानुसार दो पाली में संचालित होने वाली शालाओं के लिए प्रथम पाली में संचालित शालाओं का संचालन समय सोमवार से शुक्रवार प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक, शनिवार को दोपहर 12.15 से 4.15 बजे तक, द्वितीय पाली में संचालित होने वाले शालाओं का संचालन समय सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12.15 बजे से 04.15 बजे तक एवं शनिवार प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार एक पाली में संचालित होने वाली शालाओं का संचालन सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से 4 बजे तक एवं शनिवार प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही परीक्षाएं पूर्ववत निर्धारित समय अनुसार ही संचालित की जाएगी।।

## लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ने जीता परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का खिताब



**अकलतरा।** परिक्षेत्र स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल के तत्वावधान में ग्राम पंचायत तरौद के क्रिकेट मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच शास लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद और डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय पामगढ़ के बीच खेला गया। इस प्रतियोगिता में लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद ने जीत हासिल की और खिताब अपने नाम किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय पामगढ़ की टीम ने भी अच्छा प्रदर्शन किया और उपविजेता का खिताब हासिल किया। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच अंशु खरौद कॉलेज को चुना गया वही प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज धनंजय रोहिदास खरौद महाविद्यालय, श्रेष्ठ बल्लेबाज युगेंद्र, एमएमआर कॉलेज चाम्पा एवं श्रेष्ठ गेंदबाज अंशु खरौद कॉलेज को चुना गया। समापन समारोह के अतिथि संतोष भेड़पाल, सुमित सिंह, डॉ. जेके जैन एवं विश्वास विश्वकर्मा के द्वारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

